(१) एक आयत की लम्बाई ७०० गज़ और चौड़ाई २८० गज़ है तो उसका क्षेत्रफल बताओ ॥ ७००×२८० = १९६००० वर्गगज़ उत्तर

(२) एक आयत क्षेत्र का क्षेत्रफल १०८ गज़ है और एक भुजा १२ गज़ तो दूसरी भुजा का प्रमाण बताओ ॥ १०८ ÷ १२ = ९ गज़ उत्तर

(३) एक आयताकार चौक की लम्बाई २५ और चौड़ाई १८ गट्ठे है तो बताओ उस चौक में कितनी ज़मीन है ॥ १८×२५ = ४५० बिस्वांसी = १ बीघा २ बिस्वा १० बिस्वांसी

(४) ३५ फ़ीट लंबी और १६ फ़ीट ऊंची २ फ़ीट मोटी दीवार बनवाना है तो बताओ उस में १५ इंच लंबी ८ इंच चौड़ी ६ इंच मोटी कितनी ईंटें लगेंगी ॥

३५×१२ = ४२० इंच १६×१२ = १९२ इंच २×१२ = २४ इंच

$\frac{४२०\times१९२\times२४}{१५\times८\times६} = \frac{२८\times२४\times४}{१} = \frac{२६८८}{१} = २६८८$ ईंटें उत्तर

(५) एक मकान ६० गज़ लंबा २५ गज़ चौड़ा है तो उसके फ़र्स में ५ गज़ लम्बी ३ गज़ चौड़ी पत्थर की कितनी पटियां लगेंगी ॥

$\frac{६०\times२५}{५\times३} = \frac{२०\times२५}{१} = \frac{५००}{१} = ५००$ पटियां उत्तर

(६) एक आयताकार बाग ८५ गज़ लंबा और ५६ गज़ चौड़ा है उसकी सिंचवाई में २ आना वर्गगज़ के हिसाब से क्या ख़र्च पड़ेगा ॥

८५×५६ = ४७६० वर्गगज़ क्षेत्रफल बाग का ॥

२ क०ग० : ४७६० ब०ग० :: २ आना = $\frac{४७६०\times २}{२\times १६} = \frac{९५२०}{१६}$ = ५९५) रु० उ०

(८) एक लोहे का संदूक़ २ फ़ीट ४ इंच लम्बा ५ इंच चौड़ा और १ फ़ीट ४ इंच ऊँचा है वह आध इंच मोटे टुकड़ों से बनाया गया है तो उसकी क़ीमत ५) रु० फ़ी मन के हिसाब से क्या होगी जबकि एक घन फ़ीट लोहे का बोझ ६ मन ३ सेर हो॥ २ फ़ीट ४ इंच = २८ इंच १ फ़ीट ५ इंच = १७ इं० । १ फ़ीट ४ इंच = १६ इंच ∴

$\frac{२८\times १७\times १६}{१७२८} = \frac{११९}{२७}$ घनफ़ीट घन फल कुल संदूक का $\frac{१}{२}\times २ = १$ इंच

२८ − १ = २७ । १७ − १ = १६ । १६ − १ = १५ ∴ $\frac{१५\times १६\times २७}{१७२८} = \frac{१५}{४}$ घनफ़ीट

घनफल खाली जगह यानी संदूक के भीतर का

$\frac{११९}{२७} - \frac{१५}{४} = \frac{४७६ - ४०५}{१०८} = \frac{७१}{१०८}$ घनफ़ीट लोहे घनफल

६ मन ३ सेर = २४३ सेर = $\frac{२४३}{४०}$ मन

$\frac{७१}{१०८}\times\frac{२४३}{४०}\times\frac{५}{१} = \frac{७१\times २४३}{१०८\times ८} = \frac{१७२५३}{८६४}$ = १९।।।≡)६ पा० उ०

(९) एक कमरा जिसकी उँचाई १७ फ़ुट ६ इंच और लम्बाई ३५ फ़ुट ४ इंच और चौड़ाई २० फ़ुट है जो उसके भीतर दीवारों और छत्त पर रंग करवावें और एक वर्ग गज़ रंग कराई में ।=) लगें तो बताओ सब लागत क्या होगी ॥

(३५ फ़ीट ४ इंच + २० फ़ी०)×२×१७ फ़ी० ६ इंच = $(३५\frac{१}{३} + २०)\times २\times १७\frac{१}{२}$ =

$(\frac{१०६}{३} + \frac{२०}{१})\times २\times\frac{३५}{२} = (\frac{१०६\times ६०}{३})\times ३५ = \frac{१६६}{३}\times\frac{३५}{१} = \frac{५८१०}{३}$ वर्ग

फ़ीट दीवारों का क्षेत्रफल $\frac{१०६}{३}\times\frac{२०}{१} = \frac{२१२०}{३}$ छत्त का क्षेत्रफल

$\frac{५८१०}{३} + \frac{२१२०}{३} = \frac{५८१० + २१२०}{३} = \frac{७९३०}{३}$ वर्ग फ़ीट छत्त और दीवारों का क्षेत्रफल

$\frac{९}{१} : \frac{७९३०}{३}$ :: ५ आ० = $\frac{७९३०\times ५}{९\times ३\times १६}$ = ९१।।।)६ $\frac{२}{९}$ पाई उत्तर

(१०) एक कमरा २४ फ़ीट ३ इंच लंबा २५ फ़ीट ४ इंच चौड़ा और ११ फ़ीट ऊँचा है उसकी दीवारों में रंग कराई में ।) आना वर्ग फ़ीट के हिसाब से क्या लागत लगेगी ॥

(२४ फ़ी० ३ इंच + २५ फ़ीट ४ इंच)×२×११ फ़ीट = $(\frac{९७}{४} + \frac{७६}{३})\times २\times ११$ =

$(\frac{२९१ + १८८}{१२})\times २\times ११ = \frac{४७९}{१२}\times\frac{२}{१}\times\frac{११}{१}$ $\frac{४७९\times ११}{६} = \frac{५२६९}{६}$

ग़लतनामा क्षेत्रप्रभाकर पहिलाभाग

सफ़ा	सतर	ग़लत	सही	सफ़ा	सतर	ग़लत	सही
४	०	१३ △ ११, १४	१३ △ १५, १४	२३	२	खेतकी	खेत के
५	५	(त्त)आधार	(त्रक)आधार	२४	२४	लगे	लगता है
५	०	क १९ △ २४ ग च	क १९ △ २४ ग २० च	२५	२३	क्या देने	क्या देना
५	१८	$\frac{१८+२४+२}{२}$	$\frac{१८+२४+२०}{२}$	२६	१५	परिधि ६ है	परिधि ६६ है
६	४	तरल	तरता	"	२२	परिधि ४ गट्ठे	परिधि ४४ गट्ठे
६	५	आकार	आकार	"	२३	$\frac{४४\times७}{२२\times१}$	$\frac{४४\times७}{२२}$
६	१८	$८\frac{२६}{४२}$	$८९\frac{२६}{४३}$	२७	१४	मानिन्द वृत्ताकार है	वृत्ताकार है
७	११	$१\frac{१}{२}\times२०=२$	$१\frac{१}{२}\times२०=३०$				
८		(१४)	(१५)	२९	२२	परिधि ५	परिधि ५०

२७० घ० फु० : २९९३७६० घन फुट :: १६ पाई = (२९९३७६० × १६)/(२७० × १६ × १२)
११०८८
२९९३७६० / (२७० × १२) = ११०८८ / १२ = ९२४ रु० उत्तर

(१६) एक मनुष्य के पास एक बाग़ २०० फ़ीट लंबा और १८० फ़ीट चौड़ा है और एक रेल की सड़क उसकी लम्बाई में होकर निकाली गई है तो बताओ उस सड़क की चौड़ाई क्या होगी जब कि उस में कुल बाग़ का आठवां हिस्सा ज़मीन हो॥

२०० × १८० = ३६००० वर्गफ़ुट बाग़ का क्षेत्रफल
३६००० ÷ ८ = ४५०० वर्गफ़ुट सड़क का क्षेत्रफल
४५०० ÷ २०० = २२½ फ़ीट चौड़ाई सड़क की उत्तर

(१७) एक दीवार १५ फ़ीट लम्बी ७ फ़ीट ऊंची १३ इंच मोटी बनवाया चाहते हैं और उसमें एक दर्वाज़ा ६ फ़ीट ऊंचा ४ फ़ीट चौड़ा रखना चाहते हैं तो कितनी ईंटें उस में लगेंगी जब कि एक ईंट १०८ घन इंच की हो॥

१५ फ़ीट = १५ × १२ = १८० इंच, ७ फ़ीट = ७ × १२ = ८४ इंच
१८० × ८४ × १३ = १९६५६० घन इंच घन फल दीवारों का ∴
६ फ़ी० = ६ × १२ = ७२ इं० ४ फ़ीट = ४ × १२ = ४८ इंच
७२ × ४८ × १३ = ४४९२८ घन इंच घन फल दर्वाज़े का ∴
(१९६५६० − ४४९२८)/१०८ = १५१६३२/१०८ = १४०४ ईंटें उत्तर

(१८) एक कमरे की चौड़ाई २० गज़ है उसके फ़र्श में ५ आने वर्गगज़ के हिसाब से २०० रु० ख़र्च पड़ते हैं और दीवारों पर रंगत कराने में २ आना वर्गगज़ के हिसाब से १५६ रु० लगते हैं तो लम्बाई और ऊंचाई बताओ॥ ५ आना = ५/१६ रु०

५/१६ रु० : २०० रु० :: १ व० ग० = (१६ × २००)/५ = ६४०
वर्गगज़ क्षेत्रफल कमरे का ६४० ÷ २० = ३२ गज़ लम्बाई उ० २ आ० = २/१६ रु० : १५६ रु० :: १ वर्गगज़ = (८ × १५६)/१ = १२४८/१ = १२४८ वर्गगज़ क्षेत्रफल दीवारों का
(३२ + २०) × २ = ५२ × २ = १०४ वर्गगज़, १२४८ ÷ १०४ = १२ गज़ ऊं० उत्तर

(१९) एक बाग़ ४०० गज़ लम्बा २०० गज़ चौड़ा है और उसमें दो सड़कें हैं एक दूसरी को काटती हुई और बाग़ को चार बराबर हिस्सों में बाँटती हुई हरएक १० फ़ुट चौड़ी बनी हुई है तो उसमें पत्थर लगवाने की क़ीमत बतलाओ जब कि १०० वर्ग फ़ीट में १॥ रु० लगे ॥

४००×३×१०=१२००० फ़ुट बड़ी सड़क का क्षेत्रफल

२००×३×१०=६००० फ़ुट छोटी सड़क का क्षेत्र फल

१०×१०=१०० वर्गफ़ुट क्षेत्र फल उस जगह का जहाँ एक सड़क दूसरी को काटती है

(१२०००+६०००)−१००=१८०००−१००=१७९०० वर्गफ़ुट क्षेत्र फल सड़कों का

$\frac{१७९००}{१००}\times\frac{३}{२}=\frac{१७९००\times३}{१००\times२}=\frac{५३७}{२}$=२६८॥ रु० उत्तर

(२०) एक चमन ३०० फ़ीट लम्बा २०० फ़ीट चौड़ा है उसकी ज़मीन को १ फ़ुट ऊंची करना चाहते हैं और मिट्टी उसके चारों ओर से लिया चाहते हैं इस मतलब के लिये उसके गिर्द ८ फ़ीट चौड़ा ख़ंदक खोदा गया है तो ख़ंदक़ कितना गहरा खोदना चाहिये ॥

३००×२००×१=६०००० घनफ़ीट कुल मिट्टी चाहिये ॥

८×२=१६, ३००+१६=३१६, २००+१६=२१६

३१६×२१६=६८२५६ वर्गफ़ीट क्षेत्रफल खाई समेत चमन का

३००×२००=६०००० वर्गफ़ीट क्षेत्र फल चमन का

६८२५६−६००००=८२५६ वर्गफ़ीट ख़ंदक का क्षेत्र फल

६००००÷८२५६=७ फ़ीट ३ $\frac{९}{४३}$ इंच गहराई ख़ंदक की हुई उत्तर

(२१) एक कमरा १८ फ़ुट ९ इंच लम्बा और ११ फ़ीट ३ इंच चौड़ा है तो बतलाओ उस कमरे के फ़र्श में ३० इंच के अर्ज़ का कितना कपड़ा लगेगा और जो एक गज़ कपड़े के दाम ।≈ आने हों तो संपूर्ण कपड़े के क्या दाम होंगे ॥

(१८ फ़ुट ६ इं०)×(११ फ़ुट ३ इं०)÷३० इंच=(१८ $\frac{१}{२}$×११ $\frac{१}{४}$)÷$\frac{५}{२}$=

($\frac{३७}{२}\times\frac{४५}{४}$)÷$\frac{५}{२}$=$\frac{४५\times३७\times२}{२\times४\times५}$=$\frac{३३३}{४}$=८३ $\frac{१}{४}$ फ़ुट कपड़ा लगेगा–

३ फ़ुट : $\frac{३३३}{४}$ फ़ुट :: ६ आ० = $\frac{३३३ \times ६}{३ \times ४ \times १६}$ = $\frac{१११ \times ३}{२ \times १६}$ = $\frac{३३३}{३२}$ = १०।≡)६ पा० उत्तर

(२२) मेरा खेत १२ जरीब लम्बा ७ जरीब चौड़ा है तो उसका क्षेत्रफल कितने एकड़ होगा और १॥) रुपये बीघे के हिसाब से उठावें तो सब महसूल क्या होगा ॥

१२×७ = ८४ बीघा क्षेत्रफल १॥) = $\frac{६}{४}$ रु०

१ बीघा : ८४ बीघा :: $\frac{६}{४}$ रु० $\frac{८४ \times ६}{४}$ = $\frac{२१ \times ६}{१}$ = १२६ रु० उ०

(२३) यदि ५६० शिलें जो १ $\frac{१}{२}$ फ़ीट से १ $\frac{१}{२}$ फ़ीट हैं एक चबूतरे में बिछें तो कितनी शिलें जो १४ इंच लम्बी ९ इंच चौड़ी उससे दूने चबूतरे में बिछेंगी ॥

१ $\frac{१}{२}$ फ़ीट × १ $\frac{१}{२}$ फ़ीट = $\frac{३}{२} \times \frac{३}{२}$ = $\frac{९}{४}$ वर्ग फ़ीट क्षेत्रफल एक शिल का

१४ इं० × ९ इं० = $\frac{७}{६} \times \frac{३}{४}$ = $\frac{७}{८}$ वर्ग फ़ीट

$\frac{७}{८}$: $\frac{९}{४}$ :: ५६० = $\frac{८ \times ९ \times ५६०}{७ \times ४}$ = $\frac{२ \times ९ \times ८०}{१}$ = $\frac{१४४०}{१}$ = १४४० शिलें पहिले चबूतरे में बिछेंगी और चूंकि दूसरा पहले से दूना है : १४४०×२ = २८८० शिलें दूसरे चबूतरे में बिछेंगी ॥

(२४) एक मिट्टी का ढेर लगा हुआ है तो उसमें से कितनी मिट्टी कुरेदना चाहिये जिससे हमारा चबूतरा २४ गज़ लंबा और २४ फ़ीट चौड़ा और २४ इंच ऊंचा बन जावे ॥

२४ गज़ × २४ फ़ीट × २४ इंच = २४ गज़ × ८ गज़ × $\frac{२}{३}$ गज़ =

$\frac{२४ \times ८ \times २}{३}$ = ८×८×२ = १२८ घन गज़ उत्तर

(२५) एक कुंड २१ फ़ीट ४ इंच लम्बा और १८ फ़ीट ९ इंच चौड़ा पानी से ऊपर तक भरा हुआ है अगर उसमें से ३०० मन पानी निकाल लिया जाय तो कितना कुंड खाली हो जायगा जब कि एक घन फ़ीट पानी का बोझ ३० सेर हो ॥

३००×४० = १२००० सेर ३० सेर : १२००० सेर :: १ घन फ़ुट = ४०० घन फ़ीट पानी

$\frac{४००}{२१\frac{१}{३} \times १८\frac{३}{४}}$ = $\frac{४००}{\frac{६४}{३} \times \frac{७५}{४}}$ = $\frac{४००}{१६ \times २५}$ = $\frac{४००}{४००}$ = १ फ़ीट गहरा उत्तर

(२६) मेरा बैठका २१ फ़ुट लंबा और २० फ़ुट चौड़ा है उसमें २७ इंच के अर्ज़ की दरी का फ़र्श ४ आना ६ पाई गज़ का कितने रुपये का लगेगा

२१×२० = ४२० वर्ग फ़ीट बैठके का क्षेत्रफल $\frac{४२० \times १४४}{२७ \times ३६}$ = $\frac{५६०}{९}$ गज़

$\frac{५६०}{७} \times ४\frac{१}{२} = \frac{५६०}{७} \times \frac{९}{२}$ = २८० ÷ १६ = १७॥ उत्तर

(२०) मेरा बाग़ आधा मील लम्बा और चौथाई मील चौड़ा है और एक बीघे में ४ पेड़ हैं तो बताओ उस बाग़ में कितने पेड़ होंगे परन्तु याद रहे कि जरीब २२ गज़ लम्बी है ॥

१७६० × $\frac{१}{२}$ = ८८० गज़ $\frac{१}{४}$ × १७६० = ४४० गज़ $\frac{८८०\times४४०}{२२\times२२}$

४० × २० = ८०० बीघा क्षेत्रफल ८०० × ४ = ३२०० पेड़ उत्तर

(२४) एक आयतकार बाग़ की लम्बाई और चौड़ाई में ५:४ का सम्बंध है उसके $\frac{१}{६}$ भाग में फुलवाड़ी लगी हुई है और बाक़ी ६२५ वर्ग गज़ धरती जुती हुई पड़ी है तो उसकी भुजा और क्षेत्रफल बताओ ॥

१ − $\frac{१}{६}$ = $\frac{५}{६}$ · $\frac{५}{६}$: १ :: ६२५ : $\frac{६२५}{\frac{५}{६}}$ = ९८१२५ = ७५० वर्ग गज़

क्षेत्रफल · ५×६ = २० · ३० : ७५० :: ५ : $\frac{२५०\times५}{२०}$ = ६२५ · $\sqrt{६२५}$ = २५ भुजा पहिली

७५० ÷ २५ = ३० दूसरी भुज उत्तर

(२८) एक सड़क ११ फ़ीट ४ इंच चौड़ी है तो बताओ ६ इंच ऊंचे कंकड़ डलवाने में १ मील में क्या ख़र्च होगा जबकि एक घनफ़ीट के डलवाने में ।) ख़र्च होते हैं ॥

१३ फ़ीट ४ इंच = १६० इंच १ मील = १७६० × ३ = ५२८० फ़ीट = ५२८० × १२ = ६३३६० इंच

$\frac{६३३६०\times१६०\times६}{१२\times१२\times१२} = \frac{६०८२५६००}{१७२८}$ = ५२८०० घन फ़ीट कंकड़

१ मील में पड़ा ∴ $\frac{५२८००\times४}{१६}$ = ३३०० × ४ = १३२०० रुपये उत्तर

(३०) एक कमरा २० फ़ीट ६ इंच लम्बा और ११ फ़ीट ८ इंच चौड़ा और १० फ़ीट ६ इंच ऊंचा है तो उसकी दीवारें के मढ़ने में ४ इंच के गज़ का ॥=) चपाई गज़ का काग़ज़ कितने का लगेगा जब कि उसमें ५ खिड़कियां हर एक (२ फ़ुट ४ इंच × २ फ़ुट ८ इंच) की छोड़ दी जावें ॥

(२० फ़ी० ६ इं० + ११ फ़ीट ८ इं०) × २ × (१० फ़ीट ६ इंच) = ९८०२४ वर्ग इंच कमरे का क्षेत्रफल ॥

३ फ़ीट ४ इंच×२ फ़ीट १० इं०×५=६८०० वर्ग इंच ५ खिड़कियों का क्षेत्रफल

$\frac{९८०२८-६८००}{५×१२×३} = \frac{९१२२८}{१८०} = \frac{२२८०७}{४५}$ गज़ ।=)८ = $\frac{२}{३}$ रु०

$\frac{२२८०७}{४५} × \frac{२}{३} = \frac{४५६१४}{१३५}$ रु० = ३३७।।।=)१ $\frac{११}{४५}$ उत्तर

अभ्यासार्थ प्रश्न ॥

(१) एक बाग़ आयत की शकल का है जिस का क्षेत्रफल एक एकड़ है तो उसकी चौड़ाई क्या होगी जब कि लम्बाई ११० गज़ हो ॥

(२) एक तालाब २०५ गज़ लम्बा और क्षेत्रफल १० बीघा है तो चौड़ाई उस तालाब की बताओ ॥

(३) एक बाग़ जिस की लम्बाई १५ जरीब और चौड़ाई ४ जरीब है उसकी लम्बाई में होकर सड़क निकाली गई है कि जिस में ३ बीघा ज़मीन आगई है तो सड़क की चौड़ाई बताओ ॥

(४) एक आंगन ३२ फ़ुट लम्बा २४ फ़ुट चौड़ा है तो उसकी ज़मीन में अगर ३ फ़ीट लम्बी २ फ़ीट ८ इंच चौड़ी पत्थर की पटियां बिछाई जायें तो कितनी पटियां चाहनी पड़ेंगी ॥

(५) एक खेत २०० गज़ लम्बा और १२० गज़ चौड़ा है और उस खेत की चौड़ाई में होकर रेल की सड़क निकाली है जिस में कुल खेत का $\frac{१}{२०}$ हिस्सा ज़मीन आई है तो सड़क की चौड़ाई बताओ ॥

(६) एक दीवार २० गज़ लम्बी ४ फ़ीट चौड़ी ६ गज़ ऊंची बनवाया चाहते हैं तो बताओ उसमें एक फ़ीट ६ इंच लम्बी १ फ़ीट चौड़ी ४ इंच मोटी कितनी ईंटें लगेंगी ॥

(७) एक बाग़ आयत की शकल का है उसकी लम्बाई ४ जरीब १५ गट्ठे और क्षेत्रफल ७ एकड़ ४ बिस्वे है तो चौड़ाई क्या होगी ॥

(८) एक आयत की एक भुजा ९ गज़ और दूसरी १२ गज़ है तो उस का क्षेत्रफल बताओ ॥

(९) एक तख़्ता १८ इंच चौड़ा है तो उसकी लम्बाई क्या होगी जब कि वह १ गज़ वर्गात्मक है

(१०) एक आयत क्षेत्र ५४० कड़ी लम्बा ४२० कड़ी चौड़ा है तो बताओ उसमें कितने एकड़ ज़मीन होगी॥

(११) एक आयत की चारों भुजों का योग १४४ है तो उसका क्षेत्रफल क्या होगा जबकि चौड़ाई से लम्बाई तिगुनी है॥

(१२) एक सड़क आध मील लम्बी ४२ फ़ीट चौड़ी है उसके बनाने में ३ पेन्स प्रति वर्ग गज़ के हिसाब से क्या ख़र्च होगा॥

(१३) एक बारिक ९५ फ़ीट लम्बी ८ फ़ीट चौड़ी है यदि एक सिपाही ७४ इंच लम्बी १८ इंच चौड़ी घेरे तो सब बारिक में कितने सिपाही रह सकेंगे॥

(१४) एक स्थान २५ फ़ीट लम्बा और १८ फ़ीट चौड़ा है उसके अन्तर्गत मख़मल का फ़र्श २१ फ़ीट लम्बा १५ फ़ीट चौड़ा बिछवाना चाहते हैं तो बताओ शेष स्थान में १२ इंच के अर्ज़ की गज़ी कितनी लगेगी॥

(१५) एक चबूतरा ३३ फ़ीट ४ इंच लम्बा और १८ फ़ुट चौड़ा है उसकी गज़कारवाई में २रु० वर्गगज़ के हिसाब से क्या ख़र्च पड़ेगा॥

(१६) एक मेज़ ४ फ़ीट ८ इंच लम्बी ३ फ़ीट ५ इंच चौड़ी है तो उसका धरातल क्या होगा॥

(१७) एक लोहे का टुकड़ा ४ फ़ीट २ इंच लम्बा और ३ फ़ीट ८ इंच चौड़ा है तो बताओ उस टुकड़े का क्या वज़न होगा जब कि एक वर्ग फ़ीट लोहे का वज़न २$\frac{3}{4}$ छटांक हो॥

(१८) जिस आयत का क्षेत्रफल १८६० वर्ग गज़ हो तो उसकी लम्बाई क्या होगी जब कि चौड़ाई १५ गज़ का ३ गुना हो॥

(१९) एक कमरा ३८ फ़ीट लम्बा २२ फ़ीट ६ इंच चौड़ा है तो बताओ उसके फ़र्श में ७ आ० वर्ग गज़ के हिसाब से क्या लगेगा॥

(२०) एक आयत क्षेत्र की लम्बाई ५ गज़ २ फ़ीट और चौड़ाई ४ गज़ है

तो क्षेत्रफल बताओ ॥

उत्तर

(१) ५४ गज़ (२) १७६ गज़ (३) ५ गट्ठा (४) ९६ पटियां (५) १० गज़ (६) ८६४० ईंटें (७) ४८ गट्ठे (८) १०८ वर्ग गज़ (९) ३ गज़ (१०) २ एकड़ १ रोड़ २ $\frac{३३}{[illegible]}$ पोल (११) ९७२ (१२) ४३० पौंड १६ शिलिंग ८ पेन्स (१३) ४० सिपाही (१४) २० गज़ (१५) १९६) रु० (१६) १५ वर्ग फ़ुट १३८ वर्ग इंच (१७) २ सेर १० $\frac{४१}{२५}$ छटांक (१८) ५२ गज़ (१९) १९६।।।) ८ पाई (२०) २२ वर्ग गज़ ६ वर्ग फ़ीट

वर्ग क्षेत्र के क्षेत्रफल लाने की रीति

एक भुजा का वर्ग करने से क्षेत्रफल आता है और क्षेत्रफल का मूल लेने से भुज होती है और कर्ण के वर्ग का आधा भी क्षेत्रफल होता है ॥

(१) एक वर्गाकार आंगन की लम्बाई १५० गज़ है तो बताओ उसमें कितनी ज़मीन होगी ॥

$१५०^२ = १५० \times १५० = २२५००$ वर्ग गज़ ज़मीन उत्तर

(२) एक वर्गाकार तालाब २०० गज़ लम्बा है तो बताओ उसमें कितनी ज़मीन है ॥

$२००^२ = २०० \times २०० = ४००००$ वर्ग गज़ ज़मीन उत्तर

(३) दो वर्गाकार तालाब हैं जिन की भुजा क्रम से ३६, ४८ गज़ हैं तो बताओ जो एक वर्गाकार ऐसा बड़ा तालाब खुदवाया जाय कि जिसका क्षेत्रफल उन दोनों के समान हो तो उसकी भुजा कितनी होना चाहिये ॥

$३६^२ + ४८^२ = (३६ \times ३६) + (४८ \times ४८) = १२९६ + २३०४ = ३६००$ वर्ग गज़ क्षेत्रफल बड़े तालाब का हुआ $\therefore \sqrt{३६००} = ६०$ गज़ भुजा यानी ६० गज़ लंबा खोदना चाहिये ॥

(४) एक वर्ग क्षेत्र का क्षेत्रफल १० एकड़ है तो उस की भुजा बताओ ॥

१० ए० $= १० \times ४८४० = ४८४००$ वर्ग गज़

√४८४०० = २२० गज़ भुज उत्तर

(५) दो खेत वर्गाकार हैं उनके क्षेत्रफलों का योग ३२५० वर्ग गज़ है और उसमें से एक खेत की मेंड़ ३५ गज़ है तो दूसरे खेत की मेंड़ की तादाद बताओ॥

३२५० − $३५^२$ = ३२५० − १२२५ = २०२५. √२०२५ = ४५ गज़ मेंड़ उत्तर

(६) एक वर्गाकार खेत का क्षेत्रफल उस आयत के बराबर है कि जिसकी चौड़ाई ९० गज़ और लम्बाई १६० गज़ है तो उस वर्गक्षेत्र की लम्बाई बताओ॥

१६०×९० = १४४०० √१४४०० = १२० गज़ वर्ग क्षेत्र की लम्बाई उत्तर

(७) एक वर्गाकार खेत की चारों भुजों का योग २ जरीब ४ गट्ठे है तो बताओ कितनी ज़मीन उस खेत में है॥

२ जरीब ४ गट्ठे = ४४ गट्ठे. ४४ ÷ ४ = ११ गट्ठे १ भुज. $११^२$ = ११×११ = १२१ बिस्वांसी

१२१ ÷ २० = ६ बिस्वा १ बिस्वांसी उत्तर

(८) एक वर्ग की भुजा ८५ गज़ है और उसके बाहर चारों ओर १० फ़ीट चौड़ी सड़क है तो उसमें १ फ़ीट ४ इंच लम्बी १० इंच चौड़ी पत्थर की कितनी पटियां लगेंगी॥

८५×३ = २५५. १० + १० = २०. २५५ + २० = २७५ फ़ी.

$२७५^२$ − $२५५^२$ = ७५६२५ − ६५०२५ = १०६०० व. फ़ी. क्षे.

सड़क का [illegible] १ फ़ुट ४ इंच = १६ इं. १६×१० = १६०. $\frac{१६०}{१४४} = \frac{१०}{९}$ वर्ग फ़ीट एक पटिया का क्षेत्रफल. १०६०० ÷ $\frac{१०}{९} = \frac{१०६००×९}{१०}$ = ९५४० पटियां उत्तर॥

(९) दो वर्गक्षेत्रों का क्षेत्रफल १०० एकड़ है और एक वर्गक्षेत्र की भुज दूसरे वर्गक्षेत्र की भुजा से तिगुनी है तो प्रत्येक का क्षेत्रफल बताओ॥

मानो कि १ और ३ हैं ∴ $१^२ + ३^२$ = १ + ९ = १०. १० : १०० :: १ : $\frac{१००×१}{१०}$ = १० एकड़

पहिले का १०० − १० = ९० एकड़ दूसरे का क्षेत्रफल उत्तर

(१०) जिस वर्गक्षेत्र का क्षेत्रफल उस आयत के बराबर हो जिसकी लम्बाई १८ जरीब

(१२) मेरे बाग़ में एक बकरी १० गज़ की रस्सी से बंधी हुई है तो बताओ वह कितनी ज़मीन की घास चर सकेगी ॥

$१०^२ \times \frac{२२}{७} = १०० \times \frac{२२}{७} = \frac{२२००}{७} = ३१४\frac{२}{७}$ वर्ग गज़ उत्तर

(१३) एक गोल चबूतरे का क्षेत्रफल २४६४ वर्ग गज़ है तो चबूतरे का व्यास बताओ ॥

$\sqrt{\frac{\overset{२२४}{२४६४} \times १४}{११}} = \sqrt{२२४ \times १४} = \sqrt{३१३६} = ५६$ गज़ व्यास उत्तर

(१४) एक घोड़ा ५० गज़ की रस्सी से बंधा है तो बताओ वह अपने आस पास कितनी ज़मीन की घास चरेगा ॥

$५०^२ \times \frac{२२}{७} = \frac{२५०० \times २२}{७} = \frac{५५०००}{७} = ७८५७\frac{१}{७}$ वर्ग गज़ उत्तर

(१५) एक वृत्त की त्रिज्या ६६ फ़ीट है तो क्षेत्रफल दर्याफ़्त करो ॥

$६६^२ \times \frac{२२}{७} = \frac{४३५६ \times २२}{७} = \frac{९५८३२}{७} = १३६९०\frac{२}{७}$ वर्ग फ़ीट रक़बा उत्तर

(१६) जिस वृत्त का व्यास ३२ फ़ीट और परिधि १०० फ़ीट है तो उसका क्षेत्र फल बताओ ॥

$\frac{\overset{१६}{३२}}{२} \times \frac{\overset{५०}{१००}}{२} = \frac{१६ \times ५०}{१ \times १} = \frac{८००}{१} = ८००$ वर्ग फ़ीट क्षेत्र फल

(१७) एक वृत्त का क्षेत्रफल १० एकड़ है तो व्यास बताओ ॥

$१० \times ४८४० = ४८४००$ ... $\sqrt{\frac{\overset{४४००}{४८४००} \times १४}{११}} = \sqrt{६१६००} = २४८\frac{९६}{४९६}$ गज़ व्यास उ०

(१८) जिस वृत्त का व्यास १२६ फ़ीट है तो परिधि बताओ ॥

$\frac{\overset{१८}{१२६} \times २२}{७} = १८ \times २२ = ३९६$ फ़ीट उत्तर

(१९) जिस वृत्त की परिधि १९८ गज़ है तो उस का व्यास क्या है $\frac{\overset{९}{१९८} \times ७}{\underset{१}{२२}} = ९ \times ७ = ६३$ गज़ व्यास ॥

(२०) एक वृत्ताकार घुड़ दौड़ के चक्कर का घेरा १२ गज़ है तो उस का क्षेत्र फल बताओ ॥

$१३४\frac{२}{८८} = \frac{११९६×७}{८८} = \frac{११८३}{८८} = १३\frac{३९}{८८}$ वर्ग गज़ उत्तर ॥

अभ्यासार्थ प्रश्न

(१) जिस वृत्ताकार खेत का व्यास ८८० गज़ है उसकी आब पाशी क्या होगी जब

(२) एक वृत्त की परिधि २५ गज़ और व्यास ८ गज़ है उसका क्षेत्रफल बताओ

(३) एक वृत्त की परिधि २५ गज़ है तो उसका क्षेत्रफल बताओ ॥

(४) एक वृत्ताकार कमरे का घेरा ११ $\frac{१}{२}$ जरीब है तो क्षेत्रफल बताओ ॥

(५) एक सूरज मंडल रूपी खेत का व्यास १६ जरीब और परीधि ५० जरीब है तो

उसका क्षेत्रफल क्या होगा ॥

(६) एक वृत्त का क्षेत्रफल ५० गज़ है तो उसका व्यास बताओ ॥

(७) जिस वृत्त की परिधि ४४ गज़ है तो उसका व्यास और क्षेत्रफल क्या होगा ॥

(८) जिस वृत्त की परिधि १८८ है तो उसका व्यास बताओ ॥

(९) एक वृत्त की परिधि ४४० गज़ है तो क्षेत्रफल बताओ ॥

(१०) उस वृत्त का क्षेत्रफल क्या होगा कि जिसकी परिधि ४६८ गज़ है ॥

(११) एक वृत्त का व्यास ६ फुट ५ इन्च और परिधि उसकी १९ फीट ८ इन्च तो क्षे-

त्रफल बताओ ॥

(१२) मेरा खेत वृत्ताकार है जिसकी परिधि ८८ फुट है हमने अपने खेत की घास

... को खूंटे से बीचों बीच बांध कर चराया तो कितने गज़ लम्बी रस्सी से बांधा था

(१३) दो एकड़ धरती का गोल बाग़ बनाया जाय तो उसकी त्रिज्या क्या होगी ॥

(१४) जिस वृत्त का क्षेत्रफल १ एकड़ है तो उसकी त्रिज्या कै गज़ होगी ॥

(१५) ज़मीन सूरज से साढ़े नौ करोड़ मील दूर है और यह सूरज के गिर्द ३६५ $\frac{१}{४}$ दि-

न में घूमती है तो बताओ ज़मीन १ मिनट में कितनी चलती है ॥

उत्तर

(१) ३१६६६ ८ $\frac{१}{३}$ पाई (२) ५० वर्गगज़ (३) ४९ $\frac{६२}{८८}$ वर्गगज़ (४) २० बीघा २० बिस्वा ७ $\frac{२१}{२२}$ बिस्वांसी (५) २०० बीघा (६) ८ गज़ के क़रीब (७) २४ गट्ठे व्यास और ७ बिस्वा १४ बिस्वांसी क्षेत्रपाल (८) ४२ व्यास (९) २१६४०० वर्ग गज़ (१०) २८७२७ $\frac{२३}{२२}$ (११) ३ वर्ग गज़ ४ वर्ग फ़ीट ७६ वर्ग इंच (१२) १४ फ़ुट (१३) १५ $\frac{२}{२}$ गज़ के क़रीब (१४) ३६ $\frac{२८}{७८}$ गज़ (१५) ११२५ मील के क़रीब -

इति

द० रामचरण व देवी प्रसाद तिवारी

तालिब इल्म नफ़ाअव्वल

निवासी फ़र्रुख़ाबाद

कुतुब मुफ़ीद पटवारियान व क़ानूनगोयान व क़ानूनी

नं०	नाम किताब	क़ीमत	नं०	नाम किताब
१	क़वायद पटवारियान	३)॥	९	किताब हिदायत पटवारियान }
२	सवाल जवाब क़वायद पटवारियान मय नक़्शे	।~)		मोटा चिकना काग़ज़ १३४ सफ़ा }
३	सवाल जवाब नक़्शा मुसत्ता	३)॥	१०	ताज़ीरात हिन्द मुजल्लिद
४	पैमायश ज़मीन के लिये उम्दा किताब	।~)	११	एक्ट नम्बर १२ सन्
५	गणित विज्ञान इसमें २०० सवाल }	।≈)	१२	एक्ट नम्बर १९ सन् १८७३ ईसवी
	बयहल मुफ़ीद पटवारियों के हैं }		१३	लगान माल गुज़ारी
६	पैमायश चौका पहिला	।=)	१४	सवाल जवाब माल गुज़ारी
७	तथा दूसरा	।~)॥	१५	एक्ट नम्बर १४ सन् १८८२ ईसवी
८	तथा तीसरा	।~)		
	यह क़ाबिल दीद हैं			

भूमिका

ईश्वर के गुणानुवाद और धन्यवाद के पश्चात् विदित होकि हमारे परम मित्र श्रीयुत विद्यानिधि रेवरेन्ड हसन रज़ा खां साहब पी· ई· कासगंज ने मुझ पर अपनी यह इच्छा प्रगट की कि आप दफ़ा ४ व ५ की शिक्षा के लिये हिसाब की एक ऐसी पुस्तक बना दीजिये कि जिसकी इतनी कम हो कि बेचारे दीन निर्धनी विद्यार्थी ख़रीद सकें हम उसको अपनी पाठशालाओं में प्रचलित कर देंगे पूर्वोक्त महाशय की आज्ञा पूर्ण करने के हेतु मैंने यह छोटी सी पुस्तक कम ख़र्च बालानशीन बनाकर नाम इसका **गणित प्रदीप** रक्खा यथार्थ में यह पुस्तक दफ़ों के लिये निहायत लाभ दायक है मैं उक्त श्रीयुत रेवरेन्ड साहब को सच्चे दिल से धन्यवाद देता हूं कि उन्हों ने इस पुस्तक की उन्नती के लिये ५०० जिल्द की ख़रीदारी का मुझे बचन दिया और भी श्रीमान् रेवरेन्ड आरहास किन्स साहब बहादुर पी· एच· डी· एम· ए· कानपुर से भी इसके प्रचार का बचन लेलिया मुझ को पूरी आशा है कि उक्त साहबान की उदारता और गुण ग्राहकता से यह पुस्तक अपना जन्म सुफल करके उन्नति पावेगी -

द० उमरावसिंह हेड मास्टर तहसीली
स्कूल कासगंज ज़िला एटा

गणित प्रदीप

पहिला भाग

परिभाषा और संख्या का पढ़ना लिखना

अंक गणित – वह विद्या है जिसमें अंकों के द्वारा गणित की जाती है

संख्या – उसको कहते हैं जिसके द्वारा एक या कई वस्तु बतला सकें जैसे
२ घोड़े ४ दिन ३ गज़ वग़ैरः इसमें घोड़े और दिन और गज़ की संख्या दो, चार
और तीन है ॥

संख्या दो प्रकार की होती है एक (केवल) दूसरी (संबंधी)

केवल वा अव्यक्त - (संख्या) वह है जो किसी से संबंध न रखती हो जैसे ७ इससे सिर्फ़ सात
इकाइयाँ ज़ाहिर हैं -

संबंधी संख्या - वह है जो किसी से (संबंध) यानी लगाव रखती हो जैसे ४ गज़
५ दिन ८ घोड़े वग़ैरः इसमें चार, पाँच और आठ ये गज़, दिन और घोड़ों से
संबंध रखते हैं -

इकाई – इससे एक ही वस्तु जानी जाती है, जिसके टुकड़े न किये गये
हों अंक गणित की जड़ यही इकाई यानी १ है -

जितनी संख्या हैं वे सब इकाई को इकाई में एक या कई बार जोड़ने से बन-
ती हैं जैसे एक में एक जोड़ने से दो बनता है और दो में एक जोड़ने से तीन ब-
नता है इसी प्रकार एक २ जोड़ने चले जायें तो सब संख्या बन सकती हैं ॥

अंक - संख्याओं के बतलाने वाले चिन्हों को कहते हैं -

(६) ९२००७७११३२४ उ० बानवे अरब सतत्तर लाख ग्यारह हज़ार तीन सौ चौबीस -

(७) ८०००४०००३ उ० अस्सी करोड़ चालीस हज़ार तीन -

(८) ५६७०००००८३७ उ० छप्पन अरब सत्तर करोड़ आठ सौ सैंतीस

(९) ६५३४४९६७३२४१६७०२८ उ० पैंसठ पद्म चौंतीस नील उ-
चास खरब सरसठ अरब इकतीस करोड़ इकतालीस लाख सरसठ हज़ार अट्ठाइस -

(१०) चार अंकों से लिखी हुई सब से बड़ी संख्या और पाँच अंकों से लिखी हुई सब से छोटी संख्या बताओ और कौनसी सबसे बड़ी संख्या तीन अंकों से और सब से छोटी संख्या चार अंकों से लिखी जा सकती है उ० ९९९९, १००००, ९९९, १०००

(११) ६४८, ८०५०६४१ इन संख्याओं के हरएक अंक का स्थानीमा-
न बताओ ॥

उ० ६४८ में (दाहिनी तरफ से ८ का मान ८ है और ४ का मान ४० और ६ का मान ६०० है) ८०५०६४१ में (दाहिनी तरफ से पाँच का मान पाँच ४ का मान ४० और ६ का मान ६०० और ५ का मान ५०००० और ८ का मान ८०००००० है)

(१२) ७३००६२००४२५०५ उ० तिहत्तर खरब बासठ करोड़ [illegible] लाख बयालीस हज़ार पाँच सौ पाँच -

नीचे लिखी हुई संख्याओं को अंकों में लिखो -

(१) [illegible] तीन सौ आठ उ० ४४,३०८

(२) [illegible] उ० [illegible]

(३) [illegible]

(४) [illegible]

(५) [illegible]

(६) [illegible]

(६) नो नील सात खर्वे दो करोड़ पैंतालीस उ० ९०७०००२००००००४५
(७) पन्द्रह शंख नौ हज़ार छः उ० १५०००००१०००००००४००६
(८) [illegible] तो पर उस

उ० उस ७०९५ लिखना चाहिये था -

(१५) गणित के उपयोगी चिन्ह

+ धन यह चिन्ह जोड़ने का है जिन दो संख्याओं के बीच में आता है उनका योग समझा जाता है -

− ऋण यह चिन्ह जिन अंकों के बीच में हो उससे समझना चाहिये कि बायें अंक में से दाहिना घटाना है -

× गुणा यह चिन्ह जिन दो अंकों के बीच में हो तो समझना चाहिये कि उन दोनों को परस्पर गुणा करना होगा -

÷ भाग यह चिन्ह जिन दो संख्याओं के बीच में हो तो समझना चाहिये कि बाईं ओर की संख्या में दाहिनी ओर की संख्या का भाग देना है -

= तुल्य यह चिन्ह जिन संख्याओं के बीच में आता है उनकी बराबरी जनलाता है -

( ) [ ] { } इन तीनों चिन्हों का नाम कोष्टक है जितनी संख्या उसके भीतर अथवा —— ऐसी लकीर यानी रेखा के नीचे होती है एक ही संख्या समझी जाती है।

∴ यह चिन्ह इसलिये का है -

∵ यह चिन्ह क्योंकि का है -

: यह चिन्ह संबंध का है -

:: यह चिन्ह अनुपात का है -

(६) ३६५५४, २६२, २५७२, १२३०, ८७५८७ को जोड़ो उ० ९५२०४

(७) आठ हज़ार नौ सै आठ और सोलह लाख तीन सौ बारह और तीन लाख ग्यारह हज़ार बहत्तर और तीन हज़ार छः सौ सतासी और पैंतीस हज़ार आठ सौ पचहत्तर को जोड़ो उ० १९५९८५४

(८) ७+७५+३०४९+९६०२ का मोल बताओ उ० २००२७

(९) ५६०३+९८७२+५७१२९+३०१७८४ किसके बराबर हैं उ० ३२२८७

(१०) २६८७, ९७५, ३९२०५, २००२९, ९००९००७ को जोड़ो उ० ९०७१९०३

(११) पाँच सौ नौ, दो हज़ार चार सौ तेरह, सतासी लाख छः हज़ार आठ सौ दे, तीन अरब सात करोड़ चौरासी लाख एक सौ पचहत्तर, आठ पद्म नौ हज़ार सात को जोड़ो उ० ८०००००३०८७१२८९०६

(१२) तहसीली स्कूल कासगंज में आठ दर्जे हैं पहले दर्जे में ४५ लड़के हैं दूसरे दर्जे में २९ तीसरे दर्जे में ४१ चौथे दर्जे में २५ पाँचवें दर्जे में ३२ छठे दर्जे में ५४ सातवें दर्जे में ६० आठवें दर्जे में ७५ लड़के हैं तो सब लड़कों की संख्या क्या है- उ० ३६१ लड़के ॥

(१३) कासगंज से अलीगढ़ ५४ मील पच्छिम को और फ़र्रुख़ाबाद ९५ मील पूर्व को है तो अलीगढ़ और फ़र्रुख़ाबाद के बीच की दूरी बताओ उ० १४९ मील

(१४) एक बाग़ में २५ पेड़ नीबू के हैं नारंगी के पेड़ नीबू से १२ अधिक और जामन के पेड़ नारंगी के पेड़ों से ९ अधिक और आम के पेड़ नीबू और जामन के पेड़ों के योग के बराबर हैं तो उस बाग़ में सब तरह के कितने पेड़ हैं उ० १७९ पेड़ ॥

(१५) एक सेब से पहले दिन ५ सेब उतरे दूसरे दिन पहले से ७ ज़ियादा तीसरे दिन पहले दो दिनों के योग से ६ ज़ियादा और चौथे दिन दूसरे और तीसरे दिनों के योग से ४ ज़ियादा और पाँचवें दिन चारों दिनों के योग के बराबर सेब उतरे तो बताओ कि सब कितने सेब उतरे- उ० १५८ सेब ॥

(१६) महाराजा विक्रम ईसा के ५७ वर्ष पहले उज्जैन में राज करते थे

अब सन् ईसवी १८९३ हैं तो घतासोजब से अब तक कितने वर्ष ऊए -
उत्तर १९५० वर्ष -

(२७) एक बजाज़ की दूकान में रेशमी कपड़ा ऊनी और सूती कपड़ों के योग से ३७५ रुपये अधिक का है और ऊनी कपड़ा सूती कपड़े से ७५ रुपये अधिक का है अगर सूती कपड़ा (२१२) रुपये का है तो रेशमी कपड़ा कितने का होगा - उ० ९५८ रुपये -

अन्तर वा बाक़ी

एक ज़ाति की दो संख्याओं में बड़ी संख्या में से छोटी संख्या को घटाने को अंतर या बाक़ी कहते हैं जिस संख्या को घटाते हैं उसे वियोज्य और जिसमें से घटाते हैं उसे वियोजक कहते हैं और शेष को अंतर -

बाक़ी निकालने के लिये छोटी संख्या को बड़ी संख्या के नीचे इस तरह रक्खो कि इकाई के नीचे इकाई दहाई के नीचे दहाई और सैकड़ा के नीचे सैकड़ा इत्यादि क्रम से लिखो फिर एक आड़ी लकीर नीचे खींचो फिर ऊपर के हर एक अंक में से नीचे का हर एक अंक जो कम हो घटाते जाओ और बाक़ी को उन्हीं अंकों के सामने लकीर के नीचे लिख दो परंतु जो नीचे का अंक ऊपर के अंक से बड़ा हो तो ऊपर के अंक में दस जोड़ो फिर नीचे के अंक को उसमें से घटाओ और बाक़ी को पूर्व की रीति से लकीर के नीचे लिख दो और दस के बदले जो ऊपर के अंक में जोड़े थे नीचे संख्या के दूसरे स्थान के अंक में १ जोड़ कर घटाओ जहाँ ऐसा संयोग आपड़े रीति करो निदान जो लकीर के नीचे बचेगा वह दोनों संख्याओं का अंतर होगा ॥

उदाहरण - ५६२४ में से ३१५८ घटाओ -

```
 ५६२४
 ३१५८
 ----
 २४६६
```

इस प्रश्न के ऊपर ४ इकाइयाँ हैं और नीचे ८ इसलिये नीचे की घट नहीं सकतीं इसलिये ४ इकाइयों में १० इकाइयां मिलाईं तो १४ ऊईं तो इनमें से ८ घटा कर शेष रहे ६ इसे लकीर के नीचे उन्हीं अंकों के सामने रख दिया फिर १० इकाइयों के बदले जो पहले ऊपर के अंक में मि-

लाई थीं नीचे की संख्या के दूसरे अंक में १ मिला दिया तो ९ हुए अब यह भी अपने ऊपर के अंक २ में से नहीं घट सक्ते तो २ में १० मिलाये तो १२ हुए इनमें से ९ घटे सो लकीर के नीचे रखदिये ऊपर मिलाये हुए १० की जगह नीचे की पंक्ति में तीसरे अंक अर्थात् १ में एक मिलाया तो २ हुए इन्हें ऊपर के अंक ६ में से घटाया तो ४ और ५ में से ३ गये तो २ रहे इसलिये २४३९ यह अंतर हुआ ॥

अभ्यास के लिये अंतर के प्रश्न -

(१) ५२४६८	(२) ७२८८०२५	(३) ९०९०९०९०
३८४९९	२५०८८७२	९०९०९०९
१३९६९	४७७९१५३	८१८१८१८१
(४) ८७६५२३१७	(५) ९८७६५४३२१	(६) ८७३२२२२५७१
२३१३९८२९	१२३४५६७८९	५०४५००२९०३
६४५१२४८८	८६४१९७५३२	३६८७२१९६६८

(७) ९७१२९७०८५३ में से २००११२८७१९ घटाओ - उत्तर ७७१०५२१३४

(८) वह कौनसी संख्या है जिसमें से ८३२५७८ घटाने पर ९६४५२३ शेष बचे - उ० १७९७१०१ -

(९) अवारह अरब छियानवे करोड़ बारह लाख चौंतीस हज़ार पाँच सौ इकसठ में से नौ अरब इकाहत्तर करोड़ इकइस लाख सतासी हज़ार चार सौ बानवे घटाओ - उत्तर २२४९०४७०६९

(१०) उन्नीस लाख सत्तर हज़ार पाँच सौ ग्यारह में से ग्यारह लाख नवासी घटाओ - उ० ८७०४२२

(११) एक आदमी को ७८२९५५ रुपये देने हैं उसने २८९१८७ रुपये दे दिये तो बताओ उसको कितने रुपये और देने रहे - उ० ४९३७६८ रु०

(१२) ५६२५ में क्या मिलावें कि ८४०९ हो जाय - उ० २७८४ मिलावें

(१३) ३५८९ - ३८४ + २२९३ - २७८८ + ९३० - ५८४ यह कितने के बराबर हैं - उ० ३०५६ के -

(१४) (९८+२५५+८०८४) - (१७६+४१+३२५५) ये किस के बराबर हैं - उ० ५०६५

(१५) एक बाग़ में २३५ पेड़ आम के थे और इनसे ४५ कम नींबू के नींबू से ३९ कम अमरूद के थे तो बतलाओ आम के पेड़ों से नींबू और अमरूद के पेड़ मिलकर कितने ज़ियादा हैं॰ उ० ४६ पेड़

(१६) अकबर बादशाह सन् १५४२ ई० में पैदा हुआ और १५६९ ई० में विवाह हुआ और सन् १६०५ ई० में मर गया तो बताओ ब्याह और मरने के समय उसकी उम्र क्या थी - उ० २७ वर्ष ब्याह के और ६३ वर्ष मरने के·

(१७) कासगंज में १६९२५ आदमी बसते हैं जिनमें से १४८५ लड़के और १८८७ लड़कियाँ और ६६४५ मर्द हैं और बाक़ी औरतें हैं तो बताओ औरतें कितनी हैं - उ० ६९०८ औरतें -

गुणा

एकही संख्या के कई बार इकट्ठा करने की संक्षेप रीति को गुणा कहते हैं जिस संख्या को गुणा करते हैं उसे गुण्य और जिससे गुणा करते हैं उसे गुणक कहते हैं और गुणा करने से जो लब्धि आता है उसे गुणन फल कहते हैं जैसे ५ को ३ से गुणा करने का यह प्रयोजन है कि ५ को तीन बार जोड़ना है अर्थात् ५+५+५=१५ गुणनफल और ५ गुण्य और ३ गुणक कहावेगा ॥

सूचना - केवल संख्या केवल संख्या के साथ और सम्बन्धी संख्या केवल संख्या के साथ गुणी जा सकती है परंतु सम्बन्धी संख्या संख्याओं के साथ नहीं गुणी जा सकती है जैसे ६) रुपये को ४ से गुणा कर सकते हैं अर्थात् यह प्रकाशित कर सकते हैं कि ६) रुपये को ४ बार जोड़ना है परन्तु इसका कुछ अर्थ नहीं हो सकता कि ६) रुपये को ४) रुपये से गुणा करो·

लाईं थीं नीचे की संख्या के दूसरे अंक में १ मिला दिया तो ९ हुए अब यह भी अपने ऊपर के अंक २ में से नहीं घट सकते तो २ में १० मिलाये तो १२ हुए इनमें से ९ बचे सो लकीर के नीचे रख दिये ऊपर मिलाये हुए १० की जगह नीचे की पंक्ति में तीसरे अंक अर्थात् १ में एक मिलाया तो २ हुए इन्हें ऊपर के अंक ६ में से घटाया तो ४ और ५ में से ३ गये तो २ रहे इसलिये (२४९९) यह अंतर हुआ ॥

अभ्यास के लिये अंतर के प्रश्न -

(१)	(२)	(३)
५२४९८	७२८८०२५	९०९०९०९०
३८४९९	२५०८८७२	९०९०९०९
१३९९९	४७७९१५३	८१८१८१८१

(४)	(५)	(६)
८७६५२३२७	९८७६५४३२१	८७३२२२१५७१
२३१३९८२९	१२३४५६७८९	५०४५००२९०३
६४५१२४८८	८६४१९७५३२	३६८७२१८६६८

(७) ९७११७०८५३ में से २००१२८७१९ घटाओ - उत्तर ७७१०५२१३४

(८) वह कौनसी संख्या है जिसमें से ८३२५७८ घटाने पर ९६४५२३ शेष बचें - उ० १७९७१०१ -

(९) अगारह अरब छियानवे करोड़ बारह लाख चौंतीस हज़ार पाँच सौ इकसठ में से नौ अरब इकहत्तर करोड़ इक्कइस लाख सतासी हज़ार चार सौ बानवे घटाओ - उत्तर ९२४९०४७०६९

(१०) उन्नीस लाख सत्तर हज़ार पाँच सौ ग्यारह में से ग्यारह लाख नवासी घटाओ - उ० ८७०४२२

(११) एक आदमी को ७८१९५५ रुपये देने हैं उसने २९९१८७ रुपये दे दिये तो बताओ उसको कितने रुपये और देने रहे - उ० ४८२७६८ रु०

(१२) ५९२५ में क्या मिलावें कि ८४०९ हो जाय - उ० २४८४ मिलावें

(१३) ३५८९ − २८७४ + १२९३ − १७८८ + ९३ = − ५८४ यह किसके बराबर हैं - उ० २०९९ के -

(१४ (९८+२५५+८०८४)-(१७६+४१+३२५५) ये किस के बराबर हैं - उ० ५०६५

(१५) एक बाग़ में २३५ पेड़ आम के थे और इनसे ४५ कम नीबू के नीबू से ३९ कम अमरूद के थे तो बतलाओ आम के पेड़ों से नीबू और अमरूद के पेड़ मिलकर कितने ज़ियादा हैं - उ० ४६ पेड़

(१६) अकबर बादशाह सन् १५४२ ई० में पैदा हुआ और १५६९ ई० में विवाह हुआ और सन् १६०५ ई० में मर गया तो बताओ ब्याह और मरने के समय उसकी उम्र क्या थी - उ० २७ वर्ष ब्याह के और ६३ वर्ष मरने के

(१७) कासगंज में १६९२५ आदमी बसते हैं जिनमें से १४८५ लड़के और १०८७ लड़कियाँ और ६६४५ मर्द हैं और बाक़ी औरतें हैं तो बताओ औरतें कितनी हैं - उ० ६९०८ औरतें -

गुणा

एकही संख्या के कई बार इकट्ठा करने की संक्षेप रीति को गुणा कहते हैं जिस संख्या को गुणा करते हैं उसे गुण्य और जिससे गुणा करते हैं उसे गुणक कहते हैं और गुणा करने से जो लब्धि आता है उसे गुणन फल कहते हैं जैसे ५ को ३ से गुणा करने का यह प्रयोजन है कि ५ को तीन बार जोड़ना है अर्थात् ५+५+५=१५ गुणनफल और ५ गुण्य और ३ गुणक कहावेगा ॥

सूचना - केवल संख्या केवल संख्या के साथ और सम्बन्धी संख्या केवल संख्या के साथ गुणी जा सकती है परंतु सम्बन्धी संख्या संख्या के साथ नहीं गुणी जा सकती है जैसे ६) रुपये को ४ से गुणा कर सकते हैं अर्थात् यह प्रकाशित कर सकते हैं कि ६) रुपये को ४ बार जोड़ना है परन्तु इसका कुछ अर्थ नहीं हो सकता कि ६) रुपये को ४) रुपये से गुणा करो -

गुणा करने की रीति - गुण्य के नीचे गुणक को इस प्रकार रक्खो कि इकाई इकाई के नीचे और दहाई के नीचे दहाई और सैकड़ा के नीचे सैकड़ा आदि क्रम से हों

फिर पहाड़ों के द्वारा गुणक की इकाई के अंक से गुण्य के हरएक अंक को इकाई की तरफ़ से अंत तक गुणा करते जाओ और गुणन फल को उसी तरह लिखो जिस प्रकार योग में लिखते हैं अर्थात् इकाई लिखो और शेष को हाथ मानों फिर उसके पीछे गुणक की दहाई के अंक से गुण्य के हरएक अंक को इकाई से ले अंत तक गुणा जाओ इस गुणन फल को पहले गुणन फल के नीचे दहाई के अंक की सीध से लिखते जाओ इसी तरह गुणक के सैकड़े से गुण्य को हरएक अंक को गुणा कर सैकड़े की सीध में रखजाओ अर्थात् नयी पंक्ति के लिखने में एक अंक छोड़ के लिखा करो इसी प्रकार गुणक के सब अंकों से गुणा करो और सब पंक्तियों के नीचे एक आड़ी लकीर खींचो फिर सब पंक्तियों को जोड़ लो वही गुणन फल होगा ॥

सूचना - जो गुणक पहाड़ों से अधिक न हो तो उसका गुणा पहाड़ों के द्वारा एकही दफ़ा में हो जाता है ॥

२ उदाहरण - ३१२६ को १२५ से गुणा करो ॥

```
   ३१२६
    १२५
 ------
  १५६३०
  ६२५२
 ३१२६
 ------
 ३९०७५०
```

क्योंकि ६ को ५ से गुणा किया अर्थात् ६ को ५ बार जोड़ा तो पहाड़ों के द्वारा छः पंजे ३० हुए इसलिये इकाई की जगह का शून्य इकाई के नीचे रख दिया और हाथ लगे ३ मनमें रक्खे फिर २ दहाइयों को ५ से गुणा किया २ पंजे १० दहाइयाँ हुईं इनमें ३ दहाई जो मन में रक्खीं थीं यानी हाथ लगी थीं मिलायी तो १३ हुए तब ३ को दहाई की सीध में रक्खा और हाथ लगा १ मन में रक्खा फिर ५ से एक सैकड़े को गुणा किया तो ५ हुए इनमें भी १ मिला दिया तो ६ हुए तो ६ सैकड़े की जगह में रक्खे इसमें हाथ कुछ नहीं लगा क्योंकि ६ दस से कम है फिर ३ हज़ार को ५ से गुणा किया तो १५ हुए अब आगे गुण्य में कोई अंक नहीं है तो यह १५ वैसेही रखदिये इसी प्रकार गुणक की दहाई अर्थात् २ से गुण्य के तमाम अंकों को गुणा किया और गुणन फल दहाई की सीध में रक्खा

इसी प्रकार सैंकड़े की क्रिया की फिर तीनों पंक्तों को जोड़ लिया तो २३९०७-
५०७ गुणनफल हुआ॥

यदि गुण्य वा गुणक वा दोनों के प्रारम्भ में दाहिनी तरफ़ शून्य हों तो उ-
नको गुणा करने में छोड़ दो और शेष अंकों का गुणनफल आवे उसके
प्रारम्भ में दाहिनी तरफ़ उतने शून्य लगाओ जितने कि गुण्य वा गुणक
या दोनों में छोड़ दिये थे॥

(१ उदाहरण) ३८४५ को ७३०० से गुणा करो और ३८५० को ३५००
से गुणा करो-

```
   ३८४५          ३८५०
   ७३००          ३५००
 -------       -------
  ११५३५          १९२५
 २६९१५          ११५५
 -------       -------
२८०६८५००      १३४७५०००
```

जो गुणक के बीच में एक या कई शून्य हों तो गुणा करने में उन शून्यों पर कु-
छ ध्यान मत करो लेकिन यह याद रखना चाहिये कि जब शून्य के बाईं
ओर के अंक से जो गुण्य के अंकों को गुणा किया जाय वह उस अंक के नी-
चे लिखो कि जिस अंक से गुणा किया है यह रीति नीचे लिखे हुए उदा-
हरण से अच्छी तरह समझ में आजायगी-

(१ उदाहरण) ९५४२ को ७०४ से और ४५०८४ को ५००९
से गुणा करो-

```
    ९५४२           ४५०८४
     ७०४            ५००९
  -------        --------
   ३८१६८          ४०५७५६
 ६६७९४          २२५४२०
 -------        ---------
 ६७१७५६८        २२५८२५७५६
```

यदि गुणक दो या अधिक खंडों का गुणनफल हो तो सुगमता के
लिये गुण्य को गुणक के किसी एक खंड से गुणा करो फिर इस गुणनफ-
ल को दूसरे खंड से गुणा करो इसी प्रकार जितने खंड हों—

जो सबसे पिछला गुणन फल दोनों संख्याओं का गुणन फल होगा जैसे २९९७ को ४५ से गुणा करना, जोकि गुणक ४५ यह ५ और ९ का गुणन फल है इसलिये गुणक के ५ और ९ खंड हुए अब गुणाक को पहले ५ से गुणा किया तो १४९८५ हुए और फिर इस गुणन फल को दूसरे खंड ९ से गुणा किया तो १३४८६५ हुए यह पिछला गुणन फल २९९७ और ४५ का गुणन फल हुआ ‐

जब दो संख्याओं को आपस में गुणा करना हो तो अपनी इच्छा है कि चाहें जिसको गुण्य और चाहें जिसको गुणक बनावें दोनों सूरतों में गुणन फल एकही होगा जैसे ५ और ३ को आपस में गुणा करना है तो

५+५+५ = १५

और ३×५ = ३+३+३+३+३ = १५ इसलिये दोनों फल एकही हैं अर्थात ५×३ = ३×५

अभ्यास के रीति सहित उदाहरण

(१) ५३४३५ को ३६४ से और ८५३७५२० को ८५३२ से गुणा करो

```
   ५३४३५              ८५३७५२०
     ३६४                 ८५३२
  ------             --------
  २१३७४०             १७०७५०४०
 ३२०६१०             २५६१२५६०
१६०३०५             ४२६८७६००
--------           ६८३००१६०
१९४५०३४०           -----------
                   ७२८४२१२०६४०
```

(२) ७३०२ को ४३२ से और ८५३०९०७ को ९०५२४ से गुणा करो ‐

```
                      ८५३०९०७
                        ९०५३४
   ७३०२              ---------
    ४३२               ३४१२३६२८
  -----              २५५९२७२१
  १४६०४             ४२६५४८५
 २१९०६             ७६७७८७३
२९२०८             -------------
-------           ७७२३३४२८३७६८
३१५४४६४
```

(३) ५९५ को ७२ से और ३९५४३०७ को ८१ से गुणा करो खंड रीति से, गुणक

५९५×७२
९
५३५५ ∵ ७२ = ९×८
८
४२८४० उ०

३९५४३०७×८१
९
३५५८७७६३ ∵ ८१ = ९×९
९
३२०२८८८६७

(४) १८८०७ को ९४० से और २५८४०० को २३६०० से गुणा करो

१८८०७×९४०
१०
१८८०७०
८
१५०४५६०
८
१२०३६४८० उ०

२५८४००
२३६००
१५५०४
७७५२
५१६८
६०९८२४००००

(५) १२३४५६ को ८४० से और ७८००९४५ को ६३७ से गुणा करो-

१२३४५६×८४०
२४
२९६२९४४
५
१४८१४७२०
७
१०३७०३०४०

∵ ८४० = २४×५×७

७८००९४५
६३७
५४६००६१५
२३४०२८३५
४६८०५६७०
४९६९२०१९६५

अभ्यास के लिये

(१) ४८७२ को ९ गुणा करो- उत्तर = ४३८४८
(२) ७५८५४×१६ = १२१३६६४
(३) ८३२१८२×२५ = २०८०४५५०
(४) ७९५४×३८७ = ३०७८१९८
(५) २९३×९२०० = २६९५६००
(६) ५७०×३२०० = १८२४०००
(७) २३०७८×५९३७ = १३७०१४०८६

इकाई मान उतार लो फिर ऊपर लिखी हुई रीति के अनुसार नये बने हुए अंक में भी भाग दो भजन फल को उसी उतारे हुए अंक के नीचे लिख दो और अगर बाक़ी न बचे तो केवल उसको दाहिनी ओर वाले अंक में भाग दो और उस अंक में भजन फल न घट सके तो भजन फल की जगह शून्य रख दो और इस अंक को दहाई और उससे योग के अंक की इकाई जान मिला कर भाग दो यही रीति अंत तक करते जाओ और भाज्य की संख्या भाजक पर पूरी न बटे तो बाक़ी पर बटा हुआ भजन फल के आगे लिख दो - इस तरह के भाग को संक्षेप भाग कहते हैं क्योंकि भाग की रीति को मन में रख के सिर्फ़ भजन फल लिखते जाते हैं जैसे -

(१) उदाहरण - ८५३१८८२ में १२ का और ८३१८९२१ में २५ का भाग।

१२) ८५३१८८२
    ७१०९९० $\frac{६}{१२}$

२५) ८३१८९२१
    ३३२७५६८ $\frac{२१}{२५}$

अगर भाजक के दाहिनी तरफ़ एक या कई शून्य हो तो उनको भाग की रीति में छोड़ दो लेकिन उनकी संख्या के अनुसार भाज्य के दाहिनी तरफ़ से भी उतने ही अंक छोड़ कर बचे हुए भाज्य में भाजक का भाग दो यदि भाग देने के बाद कुछ बाक़ी बचे तो उन अंकों समेत जो भाज्य में छोड़ दिये हैं भाजक पर बटा हुआ भजन फल के आगे रख दो अगर बाक़ी न बचे तो सिर्फ़ जो अंक छोड़ दिये थे उनको भाजक पर घटा हुआ भजन फल के आगे रख दो यह भी भाग देने की एक संक्षेप रीति है -

( ) ९०५५३६९ में १२० का और ५२७५२३ में ३४०० का भाग दो।

१२०) ९०५५३६९
    ७५४६१ $\frac{४९}{१२०}$

३४००) ५२७५२३ (१५८ $\frac{३२३}{३४००}$
    ३४
    १८७
    १७०
    १७५
    २३५
    २७२

खंड भाग की रीति- अगर भाजक के ऐसे खंड हो सकते हैं कि जहाँ तक पहाड़े याद हैं भाजक में देखो कि वह किन संख्याओं का गुणन फल है जिन संख्याओं का गुणन फल हो उनमें एक संख्या का भाज्य में संक्षेप रीति से भाग दो फिर उसके भजन फल में दूसरी संख्या का भाग दो इस तरह से जितने खंड हों उन सब का भाग देते जाओ फिर पिछला भजन फल उत्तर होगा इस प्रकार के भाग में हर एक खंड का भाग देने से जो कुछ बाक़ी बचे तो ठीक बाक़ी इस तरह से जान सकते हैं कि दूसरे की बाक़ी को पहिले भाजक से गुणा कर गुणन फल में पहिली बाक़ी को जोड़ा तो ठीक बाक़ी निकल आवेगी-

( ) **उदाहरण**- ३४५३३ में ५६ का और ६४५९८ में ५२८ का भाग दो खंड रीति से-

अब ५६ का भाग देना तो ५६ के ८ और ७ टुकड़े हुए क्योंकि ८×७=५६ होते हैं

५६ { ८	३४५३३	
७	४३१६-	५ प० बाक़ी
	६१६-	४ दू० बाक़ी

अब दूसरी बाक़ी ४ को पहले भाजक ८ से गुणा करके पहली बाक़ी ५ को जोड़ा तो ठीक बाक़ी ४×८+५=३७ हुई यानी ५६ के भाग देने में ६१६ भजन फल और ३७ बाक़ी बचे-

चूँकि दूसरे उदाहरण में ५२८ के खंड ६, ८, ११ हैं क्योंकि ६×८×११=५२८ होते हैं

५२८ { ६	६४५९८	
८	१०७६६-	२ प० बाक़ी
११	१३४५-	६ दू० बाक़ी
	१२२-	३ ती० बाक़ी

अब तीसरी बाक़ी ३ को पहले और दूसरे भाजक ६ और ८ से गुणा किया और दूसरी बाक़ी ६ को पहले भाजक ६ से गुणा किया इन दोनों के गुणन फलों के योग में पहली बाक़ी २ को जोड़ा तो योग फल ठीक बाक़ी हुई
∴ भजनफल १२२ और (३×८×६+६×६+२)=(१४४+३६+२)=१८२ बाक़ी-

आज्ञा- उत्तर १) रुपया मासिक

(२३) एक आदमी ने रुपये के १२ सेर के भाव से ७२० चाँवल मोल लिये और १२० सेर रख छोड़े और बाक़ी को रुपये के १० सेर के भाव से बेच डाले तो इसमें उसको क्या फ़ायदा हुआ - उ० कुछ लाभ न हुआ -

(२४) कासगंज और फ़र्रुख़ाबाद के बीच में ७० मील का अंतर है इन दोनों नगरों से दो आदमी आपस में एक दूसरे से मिलने को चले एक फ़ी घन्टा ३ मील और दूसरा फ़ी घंटा ४ मील चलता है तो बताओ कितने समय में मिलेंगे - उत्तर १० घंटा -

(२५) एक आदमी की वार्षिक आमदनी ३१२००७ रु० की है तो उसकी एक हफ़्ते की आमदनी बताओ जब कि ५२ हफ़्ते की एक साल है -
उत्तर ६००७ रुपये -

(२६) वह कौनसा अंक है कि जिसको ८५८ से गुणा करें तो गुणनफल ७३३३३३७३७ होजावें - उत्तर ८५४७०३

(२७) भाजक लब्धि का दूना है और लब्धि बाक़ी बचे का तिगुना है तो बताओ कि भाज्य क्या है अगर बाक़ी ६६ बचे हों - उत्तर ७८४१७

मिश्र संख्याओं का वर्णन

अँगरेज़ी और हिन्दुस्तानी मुद्रा और तोल माप ॥

हिंदुस्तानी मुद्रा यानी सिक्के			
१२ पाई या ४ पैसे	= १ आना	८ रत्ती	= १ माशा
१६ आना	= १ रुपया	१२ माशे	= १ तोला
१६ रुपया	= १ अशर्फ़ी	५ तोले	= १ छटाँक
हिंदुस्तानी तोल		१६ छटाँक	= १ सेर
		५ सेर	= १ पन्सेरी
८ चाँवल	= १ रत्ती	८ पन्सेरी या ४० सेर	= १ मन

३ मन = १ पल्ला

लम्बाई की माप के हिंदुस्तानी पैमाने

८ पढ़े जौ = १ गिरह
४ गिरह = १ बिलांद
२ बिलांद = १ हाथ
२ हाथ = १ गज़

हिंदुस्तानी ऐसे पैमाने जो ज़मीन के मापने के काम में आते हैं

२० अनवांसी = १ कचवांसी
२० कचवांसी = १ बिस्वांसी
२० बिस्वांसी = १ बिस्वा
२० बिस्वे = १ बीघा
३२ बिस्वे या १ॣ बीघे = १ ड्रैबाड़

प्रगट हो कि १ गट्ठे लंबी और १ गट्ठे चौड़ी ज़मीन को बिस्वांसी कहते हैं।

लम्बाई के हिंदुस्तानी पैमाने जो ज़मीन के मापने के काम में आते हैं।

३३ इंच = १ हिंदुस्तानी गज़
३ गज़ = १ गट्ठा
२० गट्ठे = १ जरीब

हिन्दुस्तानी समय

६० बिपल = १ पल
६० पल = १ घड़ी
$2\frac{1}{2}$ घड़ी = १ घंटा
३ घन्टे = १ पहर
८ पहर वा २४ घंटे = १ दिनरात
७ दिन = १ हफ़्ता
२ हफ़्ते = १ पाख
२ पाख या ४ हफ़्ते = १ महीना
१२ महीने या ५२ हफ़्ते = १ बर्ष

अंगरेज़ी मुद्रा यानी सिक्का

४ फ़ार्दिंग = १ पेनी वा पेंस
१२ पेंस = १ शिलिंग
२० शिलिंग = १ पौंड
२१ शिलिंग = १ गिनी

प्रगट हो कि ८ पाई का १ पेंस और शिलिंग ८ आने का और पौंड १० रुपये का और गिनी १०$\frac{1}{2}$ रु० की होती है।

अंगरेज़ी तौल जो शफ़ाख़ानों में काम आती है

२० ग्रेन = १ स्क्रूपल
३ स्क्रूपल = १ ड्राम
८ ड्राम = १ औंस
१२ औंस = १ पौंड

अंगरेज़ी तौल जो क़ीमती चीज़ों के तौलने में आती है।

२० ग्रेन = १ पेनीवेट
२० पेनीवेट = १ औं

१६औंस = १पौंड

रसी चीज़ों की अँगरेज़ी तोल

१६ड्राम = १औंस

१६औंस = १पौंड

२८पौंड = १क्वार्टर

४क्वार्टर = १हंडरेड्वेट

२०हंडरेड्वेट = १टन

गर होकि १पौन्ड आध सेर का औ

(२८) मन का होता है

लम्बाई की माप के अँगरेज़ी पैमाने

३जव्जौ = १इंच

१२इंच = १फुट

३फ़ुट = १गज़

५½गज़ = १पोल

४०पोल = १फ़र्लांग

८फ़र्लांग वा१७६० का एक मी-लहोता है-

वर्ग मापक

१४४इंच वर्गात्मक=१फुटवर्गात्मक

९वर्गफ़ीट = १वर्ग गज़

३०¼वर्गगज़ = १वर्ग पोल

४०पोल = १रोड

४रोड या४८४० वर्ग गज़ का १एक-ड़ होता है-

प्रगट होकि १इंच लम्बा और१इंच चौड़ा१वर्ग इंच कहलाता है-

घनात्मक पैमाने

१७२८ घन इंच = १घनफ़ीट

२७घनफ़ीट = १ घनगज़

प्रगट होकि१इंच लम्बे और १इंच और १इंच ऊंचे से जो पिंड बनता है उसको १ घनइंच कहते हैं-

अँगरेज़ी समय

६०सिकंड = १मिनट

६०मिनट = १घन्टा

२४घंटे = १दिनरात

३०दिनरात = १महीना

१२महीने = १वर्ष

३६५दिन = सौर वर्ष

इस देश में तांबे के सिक्कों के सिवाय कौड़ी भी चलती हैं इसलिये कौड़ी और तांबे के सिक्कों का सम्बन्ध लिखा जाता है-

५कौड़ी = १छदाम

२छदाम = १दमड़ी

२दमड़ी = १छदाम

२छदाम = १अधेला

२अधेला = १पैसा

२पैसा = १टका

अधन्ना

२ टका या ४ पैसा = १ आना

ज़ाहिर हो कि ४ कौड़ी का १ गंडा होता है जब २० गन्डे का १ पैसा हो तो ५ कौड़ी की अद्धी गिनी जाती है-

वस्तुओं की गिन्ती

१२	=	१ दर्जन
२०	=	१ कोड़ी

कागज़ की गिन्ती

२४ ताव या २५ तख़्ते का १ दस्ता होता है-

२० दस्ते	=	१ गड्डी
२ गड्डी	=	१ रिम
१० रिम	=	१ गठरी

पैसे आदि के लिखने की पुरानी रीति

२ दाम	=	१ दमड़ी
६। दाम	=	१ छदाम
१२॥ दाम	=	१ अधेला
१८॥। दाम	=	पौन पैसा
२५ दाम	=	१ पैसा

पाव आने से लेकर रुपये तक लिखने की रीति ॥

नाम	स्वरूप
पाव आना	-)
आध आना	=)
पौन आना	≡)
एक आना	)
सवा आना	-)
डेढ़ आना	=)
पौने दो आना	≡)
दो आना	)
तीन आना	॥)
चार आना	-)
पांच आना	)
छः आना	॥)
सात आना	॥)
आठ आना	=)
नौ आना	=)
दस आना	॥)
ग्यारह आना	॥)
बारह आना	=)
तेरह आना	≡)
चौदह आना	≡)
पन्द्रह आना	॥)
एक रुपया	१)

पाव छटांक से लेकर मन तक लिखने की रीति

नाम	स्वरूप
पाव छटांक	ऽ०।
आधी छटांक	ऽ०॥
पौन छटांक	ऽ०॥।
एक छटांक	ऽ-
सवा छटांक	ऽ-।
डेढ़ छटांक	ऽ-॥
पौने दो छटांक	ऽ-॥।
दो छटांक या आध पाव	ऽ=
तीन छटांक	ऽ≡
पाव सेर	ऽ।
सवा पाव	ऽ।-
डेढ़ पाव	ऽ।=
सात छटांक	ऽ।≡
आध सेर	ऽ॥
तीन पाव	ऽ॥।
एक सेर	ऽ१
सवा सेर	ऽ१।
डेढ़ सेर	ऽ१॥
पौने दो सेर	ऽ१॥।
दो सेर	ऽ२
तीन सेर	ऽ३
चार सेर	ऽ४
पांच सेर	ऽ५
छः सेर	ऽ६
सात सेर	ऽ७

एक विस्वा से लेकर वीघा तक लिखने की रीति

परिवर्त्तन या रूपाँतर

एक जाति की उच्च और हीन वस्तुओं में से उच्च से हीन और हीन से बनाने को परिवर्त्तन या रूपान्तर यानी बदलना कहते हैं -

परिवर्त्तन करने की रीति- अगर उच्च जाति से हीन जाति बनाना हो तो जाति की संख्या को उस नियत संख्या से गुणा करो जो संख्या हीन जाति की एक उच्च जाति में होती है जैसे १२ रुपये के आने हों तो १२ को १६ से गुणा करो क्योंकि आनों की संख्या १ एक रुपये में १६ है यानी १ रुपये के १६ आने होते हैं और हीन जाति से उच्च जाति बनाना हो तो हीन जाति की संख्या में उस नियत संख्या का भाग दो जो हीन जाति की संख्या उच्च जाति की संख्या में होती हो जैसे २५६ पाइयों के आने बनाने हैं तो पाइयों की संख्या २५६ में १२ का भाग दो क्योंकि पाइयों की संख्या १ आने में १२ है यानी १ आने में १२ पाई होती हैं।

(१) उदाहरण- २५ रुपये की पाइयाँ और १२५ मन २५ सेर १२ छटाँक की छटाँक बनाओ-

(१) उदाहरण- २५ रुपये की पाइयाँ और २२५ मन २५ सेर १२ छटाँक की छटाँकें बनाओ-

```
 २५      २४०           २२५        ५०२५
 १६       १२            ४०          १६
----   ------         -----      -------
२४०    २८८० पाई उत्तर  ९०००       ८०४००
                        २५          १२
                      -----      -------
                       ९०२५       ८०४१२ छटाँकें उ०
```

(२) उदाहरण- १८ बीघे १० बिस्वे १२ बिस्वाँसी की बिस्वाँसियाँ और २५ पौंड ८ शिलिंग ९ पेंस को पेंस की सूरत में लाओ-

```
 १८              २५
 २०              २०
----            ----
३६०             ५००
 १०               ८
----            ----
३७०             ५०८
 २०              १२
----            ----
७४००            ६०९६
 १२               ९
----            ----
७४१२ बिस्वाँसी उ०  ६१०५ पेंस उ०
```

(३) उदाहरण- ८९२८० पाइयों के रुपये और २४५७६० छटाँक के मन बनाओ-

```
१२) ८९२८० पाई           १६) २४५७६० छटाँक
  १६) ७४४० आने            ४०) १५३६० सेर
       ४६५ रुपये               ३८४ मन
       उ० आ०                  उ० दू०
```

(४) उदाहरण- ३८४९९ बिस्वासियों के बीघा और १८८७२ पेंसों के पौंड बनाओ-

```
२०) ३८४९९ बिस्वाँसी        १२) १८८७२ पेंस
  २०) १९२४ - १९ बिस्वा      २०) १५७२ - ८
      ९६ - ४ बीघा               ७८ - १२
```

∴ ९६ बीघा ४ बिस्वा १९ बिस्वाँसी उ०   ∴ ७८ पौंड १२ शिलिंग ८ पेंस

(२७) मार्च और अप्रैल महीने में मिलाकर कितने मिनट होते हैं-उ० ८७८४० मिनट-

(२८) पहली सितम्बर सन् १८८२ को किसी आदमी की उम्र दिनों में क्या होगी जो २८ सितम्बर सन् १८४६ में पैदा हुआ-उ० १२०३२ दिन

(२९) ९५ टन के पौंड बनाओ और ७० एकड़ को बिस्वांसी बनाओ-उ० २१२८०० पौं० दू० ४४८००बि०

(३०) २६२६३२ इंच को फ़रलांग २५३२०० गिरह को गज़ की सूरत में लाओ-उ० ३० फ़० १२२ग० दू० ७९२५ ग०

(३१) २७६४५८४ घनात्मक इंच के घनात्मक गज़ बनाओ-उत्तर २८ घ०ग० १६ घ०फ़ी० १६२५ घ० इं०

(३२) २० पौंड ३ औंस ५ ड्राम २ स्क्रूपल १५ ग्रीन के ग्रीन बनाओ-उ० ११९९९५ ग्रीन-

(३३) २१० पौंड के फ़ार्दिंग बनाओ-उ० २०१६०० फ़ार्दिंग-

(३४) १२३६५८ सेकंड के सप्ताह बनाओ-उ० ११ सप्ताह ५ दिन १० घंटे ४७ मिनट ३८ सि०

मिश्र योग

एक जाति की कई उच्च और हीन संख्याओं के इकट्ठा करने को मिश्र योग कहते हैं जितने नामों की संख्या हो उनमें से हर एक नाम की संख्या को उसी नाम की संख्या के नीचे इस तरह लिखो कि सब से हीन जाति की संख्या दाहिनी तरफ़ रहे और बाक़ी क्रम से बाईं तरफ़ को और जब संख्या लिख जावें फिर उसके नीचे एक आड़ी लकीर खींचो पहले सब से छोटे नाम की संख्याओं को जो नले ऊपर लिखी हैं जोड़ो और परिवर्तन की रीति से योग फल में से जितनी इकाइयाँ उससे बड़े नाम की निकलती हों निकाल लो अगर बाद उसके कुछ बाक़ी रहे वह उसके

(१७) मार्च और अप्रेल महीने में मिलाकर कितने मिनट होते हैं उ० ८७८४० मिनट -

(१८) पहली सितम्बर सन् १८८२ को किसी आदमी की उम्र दिनों में क्या होगी जो २८ सितम्बर सन् १८४६ ई में पैदा हुआ-उ० १३०३२ दिन

(१९) ९५ टन के पौंड बनाओ और ७० एकड़ को बिस्वांसी बनाओ-उ० २१२८०० पौं० दू० ४४८००बि०

(२०) २६१६३२ इंच को फ़र्लांग २५३२०० गिरह को गज़ की सूरत में लाओ-उ० ३० फ़० १२२ग० दू० ७९२५ ग०

(२१) २७६४५९४ घनात्मक इंच के घनात्मक गज़ बनाओ-उत्तर २८ घ० ग० २६ घ० फ़ी० १६३५ घ० इं०

(२२) २० पौंड ३ औंस ५ ड्राम २ स्क्रूपल १५ ग्रीन के ग्रीन बनाओ-उ० ११६९९५ ग्रीन-

(२३) २१० पौंड के फ़ार्दिंग बनाओ-उ० २०१६०० फ़ार्दिंग-

(२४) १२२३६५८ सेकंड के सप्ताह बनाओ-उ० २२ सप्ताह ५ दिन १० घंटे ४७ मिनट ३८ सि०

मिश्र योग

